भाकृअनुप- राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो
ICAR- National Bureau of Animal Genetic Resources
मकरमपुर कैम्पस, जी.डी.रोड बाईपास (नजदीक वसंत विहार) पोस्ट बोक्स न. 129
करनाल– 132001 (हरियाणा), इंडिया
Makrampur Campus, G.T.Road Bye Pass, Near Basant Vihar, P.O.Box No. 129
Karnal-132001 (Haryana), India

File No. **1-17/2006/स्टोर** Dated: 17.2.2020

भा. कृ. अनु. प. - राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल में पुराने/अनुपयोगी वाहनों "जैसा है जहाँ के आधार पर" की नीलामी हेतु मुहर बन्द निविदाएँ दिनांक 16-3-2020 समय दोपहर 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है |

निविदा प्रपत्र विक्रय आरम्भ होने की दिनांक : दिनांक . 18.02.2020
निविदा विक्रय बन्द होने की दिनांक एवं समय : दिनांक . 16-03.2020 at 1.00 PM
निविदा जमा/प्रस्तुति करने की अंतिम दिनांक एवं समय : दिनांक . 16-03-2020 upto 2.30 PM
निविदा खोलने की दिनांक एवं समय : दिनांक . 16-03-2020 समय दोपहर 3.00 बजे

नोट : निविदा प्रपत्र, संबंधित विवरण , नियम व शर्ते इस संस्थान की वेबसाईट http://www.nbagr.res.in/ पर उपलब्ध है | इच्छुक निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र संस्थान के वेब साईट से डाउन लोड कर या संस्थान के स्टोर सेक्शन से प्राप्त कर अंतिम दिनांक /समय से पूर्व या तक संस्थान के स्टोर सेक्शन में प्रस्तुत कर सकते हैं |

प्रेषक :-

प्रभारी स्टोर
भा. कृ. अनु. प. - राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो,
करनाल

सेवा में,

मैसर्स/श्रीमान ....

____

____

विषय : भा. कृ. अनु. प. - राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल में पुराने/अनुपयोगी वाहनों "जैसा है जहाँ के आधार पर" की नीलामी हेतु निविदा |

प्रिय महोदय,

इस संस्थान के निदेशक की और से पुराने/अनुपयोगी वाहनों " जैसा है के आधार पर " की नीलामी हेतु मुहर बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं | जिसका विस्तृत विवरण, नियम व शर्त सलंग्न अनुसार हैं |

सभी प्रकार से पूर्ण सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16.03.2020 को दोपहर 2.30 बजे से पूर्व/तक प्रस्तुत की जानी चाहिए | निश्चित अन्तिम दिनांक एवं समय के पश्चात निविदाएँ स्वीकार्य नहीं की जायेगी |

निविदाएँ दिनांक 16-03-2020 को 3.00 बजे इस संस्थान की नीलामी समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सामने संस्थान के सभागार में खोली जाएगी |

भवदीय

प्रभारी स्टोर

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

पुराने/अनुपयोगी वाहनों की नीलामी के नियम व शर्ते -

1. धरोहर राशि : धरोहर राशि रुपये 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र) राष्ट्रीय अधिकृत बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट (**Demand Draft**) के रूप में जो कि **"ICAR Unit-NBAGR Karnal"** के नाम देय हो निम्नानुसार निविदा के संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आपकी निविदा मान्य नहीं होगी |

Sr. No.	Make	Model	Registration Number
1.	Ambassdor Grand Car	2009	HR-05-Z-1484
2.	Chevrolet Tavera	2009	HR-45-A-4110

2. पुराने/अनुपयोगी वाहन के प्रकार के अनुसार उस पर लगने वाला सरकारी नियमानुसार बिक्री कर (GST) खरीददार को नीलामी राशि के अतिरिक्त देय होगा जिसे सफल निविदादाता को अलग से वाणिज्यिक कर विभाग में जमा कराना होगा |
3. नीलामी किये जाने वाले वाहनों को " जैसा है जहाँ है आधार पर" वर्णित स्थल से नीलाम किया जायेगा |
4. इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त पुराने/अनुपयोगी वाहनों एवं इनसे संबंधित दस्तावेज को दिनांक 24-02-2020 से 06-03-2020 को कार्य दिवसों में (भोजनवकाश छोड़कर) कार्यालय समय के दौरान इस संस्थान में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते हैं | निविदा खुलने के बाद नीलाम किये जाने वाले पुराने/अनुपयोगी वाहन तथा संबंधित वाहन के दस्तावेज बकाया कर / जुर्माना (Penalty) इत्यादि (यदि कोई हो) के संबंध में कोई आपति मान्य नहीं होगी | समिति द्वारा वाहनों की नीलामी प्रकिया पूर्ण होने तथा इस सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के पश्चात् जब तक वाहन परिसर में रहेगा क्रेता अपने संतोष के लिए उसकी देख-रेख कर सकता है | वाहन के बारे में क्रेता की कोई शिकायत/आपति मान्य नहीं होगी |
5. निविदा पूर्ण विवरण सहित भरी जानी चाहिए अधूरी काट - छाट और अस्पष्ट, निविदा स्वीकारी नहीं की जाएगी | उपरोक्त पुराने/अनुपयोगी वाहन/वाहनों की दर कोट (हवाला) करते समय दर अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य है |
6. निविदा सीलबंद लिफाफे में उपरोक्तानुसार अंतिम दिनांक व समय तक प्रभारी भण्डार अनुभाग के कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है | डाक संबंधी विलम्ब के लिए एन.बी.ए.जी.आर. कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी | निविदा पत्र के लिफाफे के ऊपर "पुराने/अनुपयोगी वाहनों की नीलामी के लिए निविदा अंतिम दिनांक 16-03-2020" अवश्य लिखें |
7. निविदाएँ निविदा खोलने की निर्धारित दिनांक एवं समय के अनुसार संस्थान की समिति द्वारा खोली जाएगी |
8. सफल उच्चतम निविदा दाता / पार्टी को नीलामी की विभागीय कारवाई पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक वाहन के स्वीकृति सफल उच्चतम दर निविदादाता को लिखित बोली/कोट की गई उच्चतम दर की सम्पूर्ण राशि वाहन **नीलामी की दिनांक से अधिकतम तीन कार्य दिवसों में राष्ट्रीय अधिकृत बैंक द्वारा जारी** ड्राफ्ट **(Demand Draft) के रूप में जो कि "ICAR Unit-NBAGR, Karnal" के नाम देय हो** संस्थान में प्रभारी भण्डार को वाहन प्राप्ति से पूर्व जमा करानी होगी | यदि स्वीकृति /सफल उच्चतम निविदा दाता लिखित बोली की धन राशि को सम्पूर्ण रूप से जमा कराने में असफल रहता है तो उसकी जमा की गई बिड सिक्युरिटी /आंशिक जमा धन राशि भी सरकार /संस्थान जब्त कर लेगी और वह संबंधित पुराना/अनुपयोगी वाहन पुन: नीलाम किया जाएगा जिसमें उसको भाग लेने /निविदा प्रस्तुति का अधिकार नहीं होगा |
9. सफल बोलीदाता की धरोवर राशि संस्थान में जमानत राशि के रूप में जमा रहेगी तथा कुल नीलामी/बोली राशि में समायोजित नहीं किया जायेगा | सामान की कुल राशि भुगतान कर गाड़ी को ले जाने के उपरान्त ही जमानत राशि वापस किया जायेगा |
10. सफल बोलीदाता अपने नाम पर वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र स्थानांतरित व लागत खर्च करने की जिम्मेदारी स्वयं सफल बोलीदाता की होगी | इस संबंध में किसी भी कमी (Lapse) के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा |

11. पुराने/अनुपयोगी वाहनों की नीलामी के सफलतम अधिकतम स्वीकृति दर निविदा दाता / फर्म के अतिरिक्त अन्य निविदादाता की धरोहर राशि को पंजीकृत डाक से लौटा दिया जाएगा |
12. नीलाम किया गया पुराना /अनुपयोगी वाहन वर्णित स्थल से " जैसा है जहाँ हैं के आधार पर " कार्यालय आदेश जारी होने के तीन कार्य दिवस के भीतर लेकर जाना /उठाना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी राशि का एक प्रतिशत प्रतिदिन अलग से चार्ज किया जावेगा एवं 15 दिनों के भीतर वाहन न उठाने पर नीलामी स्वत: रद्द मानी जाएगी व धरोहर राशि ज़ब्त कर ली जाएगी और वाहन ले जाते समय संस्थान की किसी भी सम्पति की टूट-फूट का नुकसान होने पर बोलीदाता को क्षति पूर्ति हर्जाना चुकाना होगा | नीलामी के नियम व् शर्तो का उल्लंघन होने पर पुराना / अनुपयोगी वाहन पुन: नीलाम कर दिया जावेगा और इस संबंध में उस पार्टी का कोई अधिकार /दावा मान्य नहीं होगा |
13. निदेशक, एन.बी.ए.जी.आर. द्वारा बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है |
14. निविदादाता को इन नियम एवं शर्तो को हस्ताक्षर कर व अपनी फर्म /पार्टी का नाम लिखकर संलग्न करना अनिवार्य है | निविदा सूचना प्रपत्र, विवरण एवं नियम व शर्तो की प्रतिलिपि इस संस्थान की वेबसाईट http://www.nbagr.res.in से डाउन लोड की जा सकती है |
15. **प्रस्तुत की गई निविदा हस्ताक्षरयुक्त होनी चाहिए | बिना हस्ताक्षर के निविदा मान्य नहीं होगी |**
16. **निविदादाता को अपनी पहचान का वेलिड फोटो आई. डी. (पहचान पत्र) प्रूफ, पेन संख्या, मोबाइल नम्बर देन होगा | पेन संख्या अवश्य लिखें एवं पेन प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें तथा बैंक डिटेल्स A/C No., IFSC Code, Branch Name लिखे अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी |**
17. नीलामी छोड़ने या न छोड़ने का अधिकार निदेशक, भा.कृ.अनु.प्.- एन.बी.ए.जी.आर. , करनाल को होगा |
18. नीलामी स्थल पर निविदा खोले जाते समय कानून एवं व्यवस्था का पालन करना होगा |
19. यदि किसी वाहन के सन्दर्भ में प्राप्त निविदाओं में कोट की गई उच्चतम बिड यदि सरकारी न्यूनतम बोली राशि से कम रहती है तो उस पुराने/अनुपयोगी वाहन की नीलामी नहीं की जाएगी |
20. प्रभारी स्टोर से गेट पास प्राप्त करने के उपरान्त ही नीलामी किए गये वाहन को संस्थान से बाहर ले जाना होगा |
21. यदि नीलामी/निविदा प्रस्तुत करने के संबंध में उपरोक्त विवरण/नियम/शर्त स्वीकार्य हो तो प्रस्तुत निविदा प्रपत्र व संलग्न अनुसूची **(Schedule)** में संबंधित पुराने/अनुपयोगी प्रत्येक वाहन के विवरण के समक्ष अपनी नीलामी दर/लिखित बोली अंकित कर सील बंद लिफाफे में निविदा, निविदा प्रस्तुति की अंतिम दिनांक एंव समय से पूर्व या तक संस्थान के प्रभारी स्टोर, अनुभाग के कार्यालय में रखे निविदा बोक्स में डालें/प्रस्तुत करे |

प्रभारी स्टोर

<u>फ़ाइल् संख्या : 1-17/2006/स्टोर</u>

पुराने /अनुपयोगी वाहनों की नीलामी हेतु आवश्यक /कागजात की जॉच सूची जिनकी प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के संलग्न करना आवश्यक है

check list of documents must be attached with Tender

(Last date and Time for Submission of Tender : 16-03-2020 at 2.30 p.m.)

क्र.स.	दस्तावेज/कागजात जो निविदा के संलग्न किये जाने आवश्यक है	√ निविदा के संलग्न किये गये X निविदा के संलग्न नहीं किये गये
1.	पुराने/अनुपयोगी प्रति वाहन के लिए बिड सिक्युरिटी रुपये 10,000 (रुपये दस हजार मात्र) **Ambassador Grand Car HR-05-Z-1484** **Chevrolet Tavera HR-45-A-4110** नोट : √ सही का निशान लगाए जिन पुराने/अनुपयोगी वाहनों के लिए निविदा दर कोट की गई है तथा बिड सिक्युरिटी (EMD) प्रस्तुत की जा रही है |	ड्राफ्ट (Demand Draft) No. __________ Dated ______________ Rs.__________ ड्राफ्ट (Demand Draft) No. ___________ Dated _____________ Rs. _________
2.	निविदा के नियम व शर्तो की हस्ताक्षरयुक्त प्रतिलिपि	
3.	आयकर विभाग द्वारा जारी पेन संख्या लिखें एवं पेन प्रमाण पत्र की फोटो प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें	
4.	पहचान का वैलिड फोटो युक्त आई. डी. प्रूफ	
5.	निवास स्थान का वैलिड प्रमाण पत्र पूर्ण पता के लिए (एड्रेस प्रूफ)	
6.	RTGS/बैंक डिटेल्स A/C No. IFSC Code, Branch Name	

निविदादाता के हस्ताक्षर ....

नाम एवं पूर्ण पता ....

मोबाइल नं. ....

फ़ाइल संख्या : 1-17/2006/स्टोर

पुराने / अनुपयोगी वाहनों निविदा दर /बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र

क्रम संख्या	पुराने / अनुपयोगी वाहनों का विवरण	नीलामी दर / बोली (in Rupees रुपये में) (पुराने / अनुपयोगी वाहनों की नीलामी हेतु निविदा में प्रत्येक वाहन के लिए कोट की जाने वाली दर /बोली को प्रत्येक वाहन संख्या के सामने के संबंधित कॉलम में अंको तथा शब्दों में दोनों अंकित किया जाना है |)
1	Ambassdor Grand- No. HR-05-Z-1484	अंको में रु. -------------------------------- शब्दों में रु. ....
2	Chevrolet Tavera - No. HR-45-A-4110	अंको में रु. -------------------------------- शब्दों में रु. ....

Signature of Bidder ....

Name of the bidder / firm (with seal) and address

....

....

....

Mobile No. ....